


श्री राजेन्द्र-धनचन्द्र-भूपेन्द्र-यतीन्द्र-विद्याचन्द्र-जयन्तसेन-शान्ति
गुरुवरों के विचारों/कार्यों को समर्पित

# यतीन्द्र वाणी

हिन्दी पाक्षिक


संस्थापक- प. पू. तपस्वी योगिराज, संयमवयः स्थविर श्री शान्तिविजयजी म. सा.
प्रेरक- भाण्डवपुर तीर्थप्रेरक, प्रवचनकार प. पू. आचार्यप्रवर श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा.

सम्पादक- पंकज बी. बालड़ | स. सम्पादक- कुलदीप डाँगी 'प्रियदर्शी'

* वर्ष : 24 * अंक : 5 * मोटेरा, अहमदाबाद * दिनांक 1 जून 2018 * पृष्ठ : 4 * मूल्य 5/- रुपये


## आचार्यद्वय की पावन निश्रा में ऊँझा में गूँजा जयनाद
## पुण्य-सम्राट की जन्मभूमि से पुण्य भूमि की ओर विहार

उदयपुर, (स. सं),



प. पू. जैनाचार्य, विश्वपूज्य दादागुरुदेव श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. के प्रशिष्य पुण्य-सम्राट श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. के पट्टधरद्वय वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा. एवं सूरिमन्त्राराधाक, स्पष्टवक्ता, भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्यदेवेश श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा. आदि श्रमण-श्रमणिवृन्द की पावन निश्रा में श्री वर्धमान कॉलोनी ऊँझा (उ. गु.) में कलिकाल-कल्पतरु, दादा गुरुदेव श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की मूर्त्ति प्रतिष्ठा हेतु दिनांक 20-5-2018 को जाजम के चढ़ावे उल्लास एवं उत्साह के साथ बोले गये।

पावन प्रतिष्ठा के चढ़ावे की जाजम के निमित्त पुण्य-सम्राट गुरुदेव के पट्टधरों एवं श्रमण-श्रमणिवृन्दों का भव्य मंगल प्रवेश प्रातः 7 बजे नूतन देरासर से शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शान्तिनाथ सोसायटी उपाश्रय पहुँची। मार्ग में श्राविकाओं ने जगह-जगह आचार्यद्वय को गहुँली कर अक्षत से बधाया।



शोभायात्रा के पश्चात् शान्तिनाथ सोसायटी उपाश्रय में गच्छाधिपति श्री एवं आचार्यदेवेशश्री आदि गुरु भगवन्तों की पावन निश्रा में गुरु मन्दिर प्रतिष्ठा की जाजम विधि विधान के साथ हजारों गुरुभक्तों की उपस्थिति में प्रारम्भ की गई। गुरुभक्तों द्वारा उत्साह एवं उल्लास के वातावरण में दिल खोल कर चढ़ावे बोले गये।

इस कार्यक्रम के आयोजक श्री राजेन्द्रसूरि आराधना ट्रस्ट एवं अ. भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् ऊँझा द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम में सुन्दर व्यवस्था करते हुए सभी ने सहयोग करते हुए इसको सफल बनाया।

पुण्य-सम्राट गुरुदेव श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. के पट्टधरद्वय गच्छाधिपति श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा. एवं भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्यदेवेश श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा. आदि श्रमण-श्रमणिवृन्द की पावन निश्रा में श्री वर्धमान कॉलोनी ऊँझा (उ. गु.) में कलिकाल-कल्पतरु, दादा गुरुदेवश्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त दिनांक 18-6-2018 को गुरुभगवन्तों का भव्य प्रवेश होगा तथा दिनांक 19-6-2018 से 23-6-2018 तक पंचाह्निका महोत्सव में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएँगे। दिनांक 23-6-2018 को पट्टधरद्वय की पावन निश्रा में हजारों गुरुभक्तों की उपस्थिति में प्रतिष्ठा की जायेगी।




पुण्य-सम्राट के पट्टधरद्वय यहाँ से विहार करते हुए पाटन, रुनी तीर्थ होते हुए दिनांक 24 मई 2018 को लुवाणा पहुँचे जहाँ श्रीसंघ लुवाणा ने भव्य सामैया कर भव्य शोभायात्रा के साथ आचार्यद्वय का नगर प्रवेश करवाया। महिलाओं ने मंगल कलश एवं गहुँली कर गुरु भगवन्तों को बधाया।




आचार्यद्वय श्रमण-श्रमणिवृन्द का यहाँ से विहार करते हुए पुण्य-सम्राट गुरुदेवश्री जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. की जन्मभूमि पेपराल नगरी में पदार्पण हुआ। भव्य शोभायात्रा के साथ आचार्यद्वय का पुण्य-सम्राट की जन्मभूमि में बाजे-गाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। आचार्यद्वय के साथ गुरुभक्तों ने जिनालय में प्रभु-गुरु दर्शन, वन्दन किया। इस अवसर पर आसपास के नगरों के अलावा थराद, जावरा, राजस्थान आदि स्थानों से अनेक गुरुभक्तों ने पधार कर गुरुभक्ति का परिचय दिया।




जन्मभूमि पेपराल से द्वयपट्टधरश्री थराद नगरी पधारे। श्रीसंघ ने उत्साह एवं उमंग के साथ गुरु भगवन्तों का भव्यातिभव्य नगर प्रवेश करवाया। आचार्यद्वय ने श्री महावीर मधुकर वाटिका का निरीक्षण करते हुए अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

थराद से आचार्यद्वयश्री एवं श्रमण-श्रमणिवृन्द साँचोर, धुम्बड़िया, दाधाल होते हुए दिनांक 4-6-2018 को अतिप्राचीन महातीर्थ श्री भाण्डवपुर पधारेंगे। जहाँ प्रातः 8 बजे सामैया के साथ तीर्थ परिसर में भव्य मंगल प्रवेश होगा।

### अतिप्राचीन श्री भाण्डवपुर महातीर्थे

**पुण्य-सम्राट श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. के पट्टधरद्वय वर्तमान गच्छाधिपति श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा. एवं भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्यदेवेश श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा.**

आदि श्रमण-श्रमणिवृन्द

## भव्य मंगल प्रवेश

**दिनांक 4-6-2018 को प्रातः 8 बजे**

**आप सभी सपरिवार सादर आमन्त्रित हैं।**

# परीक्षा से पूर्व करें अपनी समीक्षा

विजयवाड़ा (स. सं.)

गच्छाधिपतिश्री नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा. एवं माण्डवपुर तीर्थोद्धारक, आचार्यदेवेशश्री जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा. के आज्ञानुवर्ती मुनिराजश्री संयमरत्नविजयजी म. सा., मुनिश्री भुवनरत्नविजयजी एवं साध्वीश्री धर्मप्रज्ञाश्रीजी म. सा. के सानिध्य में स्व. श्रीमती पाबुदेवी ओटमलजी गोराजी वेदमुथा परिवार विजयवाड़ा-मरुधर में रेवतड़ा द्वारा आयोजित आत्मरंजन-ज्ञानगुंजन सप्तदिवसीय शिविर में समस्त शिविरार्थियों की लिखित व मौखिक परीक्षा ली गयी। इस अवसर पर मुनिश्री संयमरत्नविजयजी म. सा. ने कहा कि परीक्षा देने से पूर्व अपनी समीक्षा कर लेनी चाहिये कि हमने कितना परिश्रम किया है। कड़ा परिश्रम, ऊँची सोच एवं पक्का इरादा हो तो हमें कोई भी परास्त नहीं कर सकता। मुनिश्री ने कहा कि कैरियर बनाने के लिए हर किसी को संघर्ष करना होता है।



मुनिश्री के सान्निध्य में शिविरार्थियों की परीक्षा

संघर्ष को सफलता की आत्मा बताते हुए बताया कि जो जितनी अच्छाइयाँ आत्मसात् करेगा, उसका उतना ही कैरियर बेहतर होगा। जिसमें जीवन की गाड़ी को चलाने का जितना हौंसला, हिम्मत और भाव होगा उतना ही विकास कर पायेगा। दुनिया में वह असफल नहीं कहलाता जो मात खा बैठता है, वरन असफल है, जिसका स्वयं पर से ही विश्वास उठ गया है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र की लालसा और जिज्ञासा ही उसे आगे बढ़ाती है। वेदमुथा परिवार के प्रवीणभाई ने चल रहे शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर जापानी गुरुभक्त का जोधपुर के वीरेन्द्र भण्डारी के साथ आगमन हुआ।

# अनाथालय में फल, मिठाई वितरण

उदयपुर (स. सं.)

अ. भा. श्री राजेन्द्र जैन महिला परिषद्, शाखा बैंगलोर द्वारा दिनांक 21 मई 2018 ज्येष्ठ शुक्ला सप्तमी को अनाथालय में जाकर 100 बच्चों को आम, लड्डू एवं बिस्किट वितरीत किए गए।



अनाथालय में फल, लड्डू वितरण

इस अवसर पर अनाथालय की व्यवस्थापिका ने महिला परिषद् की अनुमोदना करते हुए कहा कि अपने लिए तो सभी करते हैं परन्तु परिषद् समय-समय पर इन निराश्रितों के लिए अपनापन दिखाते हुए जो कार्य करतीरहती है, वह अनुकरणीय है। महिला परिषद् की सभी महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# साध्वीश्री का चातुर्मास पाटन घोषित

उदयपुर (स. सं.)

गच्छाधिपतिश्री नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा. एवं माण्डवपुर तीर्थोद्धारक, संघ एकता के शिल्पी आचार्यदेवेशश्री जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा. के आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री स्नेहलताश्रीजी म. सा. की सुशिष्या तत्त्वलताश्रीजी म. सा. आदि ठाणा-5 का सन् 2018 का चातुर्मास पाटन (गुजरात) में होगा। पूज्य गच्छाधिपति ने पाटन पहुँचकर इस चातुर्मास की आज्ञा प्रदान की।

चातुर्मास की स्वीकृति प्राप्त होते ही श्रीसंघ में हर्ष की लहर छा गई। सभी ने दादा गुरुदेव, पुण्य-सम्राट गुरुदेव एवं पट्टधरों की जय-जयकारों से वातावरण को गुँजायमान कर दिया।

**यतीन्द्र वाणी पढ़िये, पढ़ाइये।**
**घर-घर तक इसे पहुँचाइये।**

# दो दिवसीय धार्मिक शिविर सम्पन्न

उदयपुर (स. सं.)

प. पू. गुरुदेव पुण्य-सम्राट श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. की भावनाओं का सम्मान करते हुए अ. भा. श्रीराजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् परिवार की ओर से मध्यप्रदेश मालवा के भाटपचलाना, करवड़, बड़ावदा, नामली और दलौदा में आयोजित दो दिवसीय धार्मिक संस्कार शिविर का समापन 20 मई 2018 को हुआ।

परिषद् परिवार प्रतिवर्ष इस प्रकार छोटे-छोटे नगरों को चिह्नित कर शिविर लगाये जाते हैं। जिसमें अ. भा. तरुण परिषद् राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा शिविर का संचालन कर प्रत्येक शिविर में दो-दो संचालकों को भेजा जाता है। इस वर्ष पाँचों शिविर में कुल 250 सदस्यों ने भाग लिया। श्रीसंघ की ओर से भी उत्साह से शिविर में सहयोग लेते हुए अपनी भागीदारी निभाई।

शिविर में प्रथम दिन जिनालय के दर्शन, पूजन, विधि एवं दोपहर धार्मिक गेम, धार्मिक संस्कार के बारे में जानकारी व रात्रि में भक्ति तथा दूसरे दिन प्रातः जाप व अभिषेक कार्यक्रम, गुरु परम्परा ज्ञान व शिविर के समापन में कई सदस्यों ने स्वेच्छा से कई नियम भी लिये।

नामली में दो दिन तक सभी शिविर सदस्यों की स्वामीभक्ति का लाभ श्री रतनलालजी, श्रेणिकजी, सुभाषजी चत्तर परिवार ने लिया। श्री राजमलजी भण्डारी, करवड़, श्री मुकेशजी चत्तर, नामली, श्रीमती संगीताजी पोरवाल, दलौदा, श्री बसन्तीलालजी कटलेचा, भाटपचलाना एवं श्री सुशीलजी सकलेचा बड़ावदा आदि का शिविर की व्यवस्था में भरपूर सहयोग रहा।

शिविर में अवलोकनार्थ पहुँचे परिषद् पदाधिकारी श्री अशोकजी श्रीश्रीमाल, राजेशजी बागरेचा, ब्रजेशजी बोहरा, सुधीरजी लोढ़ा, राजेन्द्रजी सुराणा, संजयजी मेहता, प्रकाशजी तलेसरा, पन्नाजी सेठ, आशाजी कटारिया तथा मुम्बई से राष्ट्रीय शिक्षामन्त्री श्री भरतभाई बोहरा जिनकी ओर से सभी शिविरार्थियों को प्रभावना की गई।

परिषद् पदाधिकारियों ने आगामी दिनों में धार्मिक गाथा याद करने पर ईनामी कूपन के वितरण के बारे में व आगामी बृहद् शिविर में उपस्थित रहने हेतु बच्चों को प्रेरणा प्रदान की। धार्मिक पाठशाला के विशेष बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। तरुण परिषद् के राष्ट्रीय प्रशिक्षार्थी प्रक्षाल कोरड़िया टीम द्वारा शिविर में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में शिविरार्थियों में बहुत उत्साह दृष्टिगत हुआ। परिषद् के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने शिविर में बहुमान नहीं कराने का निर्णय भी सराहनीय रहा।



करवड़ शिविर में शिविरार्थी

करवड़ शिविर में महिला परिषद् की राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सारंगी बालिका की बैठक कर सारंगी बालिका परिषद् का गठन किया गया व करवड़ महिला परिषद् की नवीन कार्यकारिणी बनाई गई। बाद में करवड़ श्रीसंघ की ओर से सभी की स्वामीभक्ति रखी गई।

# जलपात्रों का वितरण

उदयपुर (स. सं.)

जीवदया प्रेमी श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. की प्रेरणा से देशभर की विभिन्न शाखाओं द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी पिलाने हेतु जलपात्रों का वितरण किया जा रहा है। इस कड़ी में अ. भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक एवं तरुण परिषद्, राजगढ़ (म. प्र.) द्वारा नगर में 504 परिवारों को जलपात्रों का वितरण किया गया।



जलपात्र वितरण में श्री दिनेश मामा, प्रणय भण्डारी, हर्ष बाफना, धवल डाँगी, रमण हरण, अमित भण्डारी, नवीन रोकड़िया, अक्षय खिमेसरा, चैत्य मामा, नित्य माण्डवाड़ा, गौरव हरण, नितीन भण्डारी एवं आदीश बाफना का सराहनीय सहयोग रहा।

आचार्यश्री की सद्प्रेरणा से ही श्री राजेन्द्र भवन राजगढ़ में प्रतिदिन चावल का संग्रह कर पक्षियों को चुगने हेतु छत पर रखा जा रहा है। यतीन्द्र वाणी परिवार इस कार्य की अनुमोदना करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

**यतीन्द्र वाणी में प्रकाशनार्थ सामग्री निम्न नम्बर व ई-मेल पर भिजावें।**
**कुलदीप 'प्रियदर्शी' 09413763991**
e-mail : priyadarshikuldeep@gmail.com



।। तीर्थाधिपति श्री महावीरस्वामिने नमः ।।
।। विश्वपूज्य प्रभुश्री राजेन्द्रसूरीश्वर गुरुभ्यो नमः ।।

# अतिप्राचीन श्री भाण्डपुर महातीर्थ

## प. पू. योगिराज संयमवयः स्थविर श्री शान्तिविजयजी म. सा. की 22 वीं पुण्यतिथि एवं समाधि मन्दिर की 16 वीं वार्षिक ध्वजारोहण प्रसंगे

# भाव भरा आमन्त्रण

**शुभ दिन- द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ला 10, शुक्रवार दिनांक 22-6-2018**

दिव्यकृपा :
**प. पू. योगिराज संयमस्थविर**
**श्री शान्तिविजयजी म. सा.**

शुभ साम्राज्य :
प. पू. पुण्य-सम्राट, राष्ट्रसन्त,
**श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा.** के पट्टधरद्वय
प. पू. गच्छाधिपति **श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा.** एवं
प. पू. भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक, आचार्यदेवेश
**श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा.**

**शुभ निश्रा :**
प. पू. सूरिमन्त्राराधक, भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक, आचार्यदेवेश
**श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा.** के सुशिष्यरत्न **मुनिराजश्री आनन्दविजयजी म. सा.**,
**मुनिश्री अमृतरत्नविजयजी म. सा.**, **मुनिश्री जिनरत्नविजयजी म. सा.** आदि ठाणा
विदुषी साध्वीजी **श्री सूर्यकिरणाश्रीजी म. सा.** आदि श्रमणिवृन्द

*** लाभार्थी ***
**एक सदगुरु भक्त**

*** अमरध्वजा लाभार्थी ***
**शा. गेबाजी डामराणी परिवार, मेंगलवा**

### * मंगल कार्यक्रम *

**द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ला 10 शुक्रवार दिनांक 22-6-2018**

| | | |
|---|---|---|
| प्रातः 7.30 से 9.30 बजे | - | अल्पाहार |
| प्रातः 9 बजे | - | समाधि मन्दिर पर ध्वजारोहण |
| प्रातः 10 से 11.30 बजे | - | गुरु गुणानुवाद सभा |
| दोपहर 11.30 से 1 बजे | - | स्वामीवात्सल्य |
| दोपहर 2 से 4 बजे | - | गुरु शान्तिविजय अष्टप्रकारी पूजा |
| सायं 5 से 6.45 बजे | - | स्वामीवात्सल्य |
| सायं 7.30 बजे | - | भव्य आरती एवं भक्ति |



**आप सभी सादर सपरिवार आमन्त्रित हैं ।**

सम्पर्क :
**श्री महावीर जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट (पेढ़ी)**
**श्री वर्धमान-राजेन्द्र जैन भाग्योदय ट्रस्ट (संघ)**
मु. पो.- भाण्डवपुर तीर्थ, वाया- सायला, जिला- जालोर (राज.)
चलभाष : 7340019703-4-5

।। श्री आदिनाथ महावीरस्वामिने नमः ।।
।। विश्वपूज्य प्रभुश्री राजेन्द्र-धनचन्द्र-यतीन्द्र-विद्याचन्द्र-जयन्तसेनसूरीश्वर गुरुभ्यो नमः ।।
।। कृपासिन्धु श्री शान्तिविजय गुरुभ्यो नमः ।।

**श्री वर्धमान कॉलोनी ऊँझा नगरे**
**कलिकाल-कल्पतरु, दादा गुरुदेव**
**श्रीमद्विजय राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. की**
**मूर्ति प्रतिष्ठा सह पंचाह्निका महोत्सवे**

# सकल श्रीसंघ आमन्त्रण पत्रिका




❊ शुभ निश्रा ❊
प. पू. पुण्य-सम्राट, राष्ट्रसन्त,
**श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा.**
के पट्टधरद्वय प. पू. गच्छाधिपति
**श्रीमद्विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म. सा.** एवं
प. पू. भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक, आचार्यदेवेश
**श्रीमद्विजय जयरत्नसूरीश्वरजी म. सा.**

| | |
|---|---|
| **प्रवेश** | **- दिनांक 18-6-2018, सोमवार** |
| **शुभारम्भ** | **-दिनांक 19-6-2018, मंगलवार** |
| **वरघोड़ा** | **- दिनांक 22-6-2018, शुक्रवार** |
| **प्रतिष्ठा** | **- दिनांक 23-6-2018, शनिवार** |




❊ आयोजक - आमन्त्रक ❊
**श्री राजेन्द्रसूरि आराधना ट्रस्ट**
**अ. भा. श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद्**
श्री वर्धमान कॉलोनी, शान्तिनगर सोसायटी के पास,
**ऊँझा-384 170,** जिला मेहसाणा (उ. गु.)


# भाण्डवपुर में लिया श्री मुथा ने आशीर्वाद

उदयपुर (स. सं.)



जीवदया प्रेमी एवं प्रसिद्ध उद्योगपति श्री रमेशजी मुथा, एम. एम. एक्सपोर्ट, चैन्नई-माण्डवला ने श्री भाण्डवपुर तीर्थ में तीर्थाधिपति श्री महावीरस्वामीजी, दादा गुरु श्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी, पुण्य-सम्राट श्री जयन्तसेनसूरीश्वरजी एवं योगिराज श्री शान्तिविजयजी के दर्शन-वन्दन कर शुभाशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री मुथा ने यहाँ विराजित मुनिराजश्री आनन्दविजयजी म. सा. आदिठाणा एवं विदुषी साध्वीश्री सूर्यकिरणाश्रीजी म. सा. के दर्शन वन्दन करते हुए कहा कि श्री भाण्डवपुर तीर्थ वर्तमान में महातीर्थ बन गया है। पुण्य-सम्राट गुरुदेवश्री का आशीर्वाद मुझे समय-समय पर प्राप्त हुआ है। आज इस पुण्यस्थली पर पुण्यात्माओं के दर्शन कर एवं तीर्थ विकास को देखकर मन प्रसन्न हो गया है। यहाँ से श्री मुथा श्री नाकोड़ा तीर्थ, मेवानगर को पधारे।

# गुरुभक्ति की अनुमोदना

उदयपुर (स. सं.)

पुण्य-सम्राट गुरुदेव श्रीमद्विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी म. सा. के परम गुरुभक्त एवं वरिष्ठ नवकार मन्त्र आराधक स्व. श्री सुजानमलजी कटारिया राणापुर (प्रदीप बस) के परिवार के पुत्रों द्वारा अपनी मातुश्री की स्मृति में प्रति सप्तमी (प्रति माह) राणापुर से श्री मोहनखेड़ा तीर्थ तक निःशुल्क यात्रा (बस द्वारा) का लाभ पिछले 4 वर्षों से लगातार ले रहे हैं।

इस अनुमोदनीय कार्य के लिए यतीन्द्र वाणी परिवार श्री कटारिया परिवार, राणापुर की अनुमोदना करता है।

**नोट- लोकप्रिय 'यतीन्द्र वाणी' पाक्षिक के ग्राहकों से निवेदन है कि आपका पता अगर बदल गया है तो अपना नवीन पता प्रधान कार्यालय पर भेजने की कृपा करावें, जिससे आपको अंक प्राप्त हो सके।** **-सम्पादक**

## योगी-वाणी


हीरा बनाया है प्रभु ने प्रत्येक को, परन्तु चमकता वही है जो तराशने की हद से गुजरता है। अच्छे लोगों की भगवान् परीक्षा बहुत लेता है, परन्तु साथ नहीं छोड़ता है और बुरे लोगों को भगवान् बहुत कुछ देता है, परन्तु साथ नहीं देता है। जो लोग दूसरों को अपनी प्रार्थना में सम्मिलित करते हैं खुशियाँ सबसे पहले उन्हीं के द्वार पर दस्तक देती है।

-योगिराज गुरु श्री शान्तिविजयजी

**आत्मीय निवेदन**

**समस्त श्रीसंघों के अध्यक्षों, साधु-साध्वी भगवन्तों से निवेदन है कि आप अपने यहाँ होने वाले कार्यक्रमों के समाचार आदि प्रकाशित सामग्री प्रत्येक मास की 10 व 20 तारीख तक 'यतीन्द्र वाणी' में प्रकाशनार्थ भिजावें।**

-सम्पादक, यतीन्द्र वाणी,
श्री राजेन्द्र-शान्ति विहार,
साबरमती-गाँधीनगर हाइवे, पो.- मोटेरा-382 424


श्री राजेन्द्र-धनचन्द्र-भूपेन्द्र-यतीन्द्र-विद्याचन्द्र-जयन्तसेन-शान्ति
गुरुवरों के विचारों एवं कार्यों को समर्पित
सम्पूर्ण जैन समाज का ज्ञानवर्धक लोकप्रिय हिन्दी पाक्षिक पत्र

# यतीन्द्र वाणी

हिन्दी पाक्षिक

सम्पादक
**पंकज बी. बालड़**

सह सम्पादक
**कुलदीप डॉंगी 'प्रियदर्शी'**

प्रधान कार्यालय
**श्री राजेन्द्र-शान्ति विहार**
विसामो बंग्लोज के पास,
विसत-गाँधीनगर हाइवे,
मोटेरा, चान्दखेड़ा, साबरमती,
अहमदाबाद-382 424 (गुजरात)

**सदस्य शुल्क**

| | |
|---|---|
| संरक्षक सं. | 11000/- रुपये |
| सदस्य सं. | 7100/- रुपये |
| आजीवन ग्राहक | 1000/- रुपये |
| एक प्रति | 5/- रुपये |

**विज्ञापन दर**

| | |
|---|---|
| प्रथम पूरे पृष्ठ के - | 5100/- रुपये |
| अन्य पूरे पृष्ठ के - | 2100/- रुपये |
| अन्तिम पूरे पृष्ठ के - | 3100/- रुपये |
| अन्दर के एक चौथाई के - | 801/- रुपये |

विशेष सूचना- प्रत्येक मास की 10 एवं 20 तारीख तक विज्ञापन एवं समाचार कार्यालय पर भेजना अनिवार्य है। चैक या ड्राफ्ट 'यतीन्द्र वाणी' के नाम से भेजें।

❊ लेखक के विचारों से संस्था और सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं। ❊ सम्पादक, यतीन्द्र वाणी

प्रेषक :
**यतीन्द्र वाणी (हिन्दी पाक्षिक)**
C/o. श्री राजेन्द्र-शान्ति विहार
विसामो बंग्लोज के पास,
विसत-गाँधीनगर हाइवे,
मोटेरा, चान्दखेड़ा, साबरमती,
अहमदाबाद-382 424 (गुजरात)
दूरध्वनि : 079-23296124,
मो. 09426285604
e-mail : yatindravani222@gmail.com
www.shrirajendrashantivihar.com

'Reg. Under Postal Registration No. AHD-C/22/2018-2020 VALID UPTO 31st December-2020 issued by the SSPO's Ahmedabad City Division, permitted to post at Ahmedabad PSO on 1st & 15th every month'
RNI No. GUJ/HIN/1999/321
Licensed to Post Without Prepayment No. PMG/HQ/070/2018-20 valid up to 31/12/2020


श्री.........................................................
.........................................................
.........................................................


स्वत्वाधिकार प्रकाशक, मुद्रक- शान्तिदूत जैनोदय ट्रस्ट, सम्पादक- पंकज बी. बालड़, यतीन्द्र वाणी हिन्दी पाक्षिक, श्री राजेन्द्र शान्ति विहार, पो.- मोटेरा-382 424 से प्रकाशित एवं सनसाईन फोटो प्रिन्ट, एफ-4, तुषार सेन्टर, नवरंगपुरा, अहमदाबाद में मुद्रित